ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 31-08-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-08-31 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-09-01	2021-09-02	2021-09-03	2021-09-04	2021-09-05
वर्षा (मिमी)	1.0	7.0	10.0	10.0	6.0
अधिकतम तापमान(से.)	38.0	38.0	37.0	38.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	28.0	28.0	27.0	28.0	28.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	64	64	66	69	69
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	31	34	40	47	47
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	11.0	12.0	18.0	21.0
पवन दिशा (डिग्री)	112	127	219	236	234
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	7	8	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में आसमान में बादल छायें रहने के साथ वर्षा होने की सम्भावना हैं। अधिकतम तापमान 37.0 से 38.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 27.0 से 28.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

खरीफ फसलों में सफेद लट के नियंत्रण के लिए वर्षा से पूर्व इमिडाक्लोरापिड 17.8 एस.एल 300 मिली लीटर का उपयोग 80 किलो ग्राम मिट्टी में मिलाकर भुरकाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

नए लगाए गए फलों के पौधों और सब्जियों के खेतों में मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	समय पर बोई गई बाजरा की फसल को अरगट रोग से बचाने के लिए सिट्टे निकलने की अवस्था पर जाइनेब ढाई किलो या मैन्कोजेब दो किलो प्रति हैक्टेयर की दर से तीन-तीन दिन के अन्तर पर 2-3 बार छिडकाव करें।
कपास	बी.टी. कपास में तम्बाकू की लट को नियंत्रण करने हेतु थायोड़िकार्ब 75 एस.पी.175 ग्राम प्रति लीटर पानी या क्यूनालफॉस 20 ई.सी. 2 मि.ली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
तिल	तिल की फसल में पत्ती भक्षक कीट के नियंत्रण के लिए क्यूनालफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
मूँगफली	मूंगफली फसल में पीलीया रोग की रोकथाम हेतु 0.5 प्रतिशत फेरस सल्फेट का घोल बनाकर छिड़काव करें।
ग्वारफली	ग्वार की फसल में सफेद मक्खी व हरा तैला का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु ट्राईजोफास 40 ई.सी. 1.5 लीटर का प्रति हैक्टेयर में छिडकाव करें।